583
24/9/12

खण्ड : 2 संख्या : 18, 19

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

(द्वितीय सत्र)

---

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

---

सत्यमेव जयते

शनिवार, दिनांक : **21 जुलाई 1990 ई०**
बुधवार, दिनांक : **25 जुलाई 1990 ई०**

(2) क्या यह बात सही है कि 10 वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक आधे से अधिक ग्रामीण क्षेत्र विद्युत् की सुविधा से बंचित है;

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक हैं।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार शेष ग्रामीण क्षेत्रों को विद्युतीकरण का कार्य पुरा करने का विचार रखती है?

(3) सहरसा (कहरा) प्रखंड के अन्तर्गत 85 ग्राम हैं। इनमें 74 ग्राम विरागी एवं 11 ग्राम वैचिरागी है। 64 ग्राम विद्युतीकृत हैं एवं 10 ग्राम में विद्युत लाईन का विस्तार नहीं हुआ है। जिन मुख्य ग्रामों का विद्युतीकरण हो चुका है उनमें से कुछ टोलों में विद्युत लाईन का विस्तार नहीं हो सका है क्योंकि उपभोक्ताओं ने विद्युत लाईन हेतु आवेदन नहीं दिया है। ग्रामीणों द्वारा आवेदन पत्र देने एवं अन्य विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण करने पर विद्युत लाईन का विस्तार कर विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया जायेगा।

---

## गांवों का विद्युतीकरण

**473. डा० शकील अहमद :** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

**प्रभारी मंत्री :**

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड के जमुआरी पंचायत को पूर्णरूपेण विद्युतीकृत घोषित कर दिया गया है;

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में ग्राम जमुआरी तथा ग्राम बीचखाना में पोल के अभाव में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हो पाया है?

(2) ग्राम जमुआरी में विद्युतीकरण का कार्य सम्पन्न कर लाईन चालू कर दिया गया है टोला बीचखाना का विद्युतीकरण का कार्य दिसम्बर, 1990 तक पुरा कर लिया जायेगा।

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार शीघ्र जमुआरी पंचायत के बचे हुए ग्रामों को विद्युतीकरण करने का विचार रखती है। यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

---

## विद्युत की आपूर्त्ति

**474. श्री जगदीश चौधरी :** क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि— यह बात सही है कि हजारीबाग नेशनल पार्क में वन विभाग का पर्यटन विश्रामगृह है जिसमें 4

**प्रभारी मंत्री :**

उत्तर स्वीकारात्मक है। इसमें 8 कि० मी० का पोल एवम् तार क्षतिग्रस्त है तार की चोरी हो गई है। इसे ऊर्जान्वित करने